दिन–रविवार दिनांक– 25 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।
अवधिः– 15 मिनट

---

पहले मुख्य समाचार.......

01. भाजपा ने बिहार से सत्रह संसदीय क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की। बक्सर से मौजूदा सांसद अश्विनी कुमार चौबे, मुजफ्फरपुर से अजय निषाद और सासाराम से छेदी पासवान का टिकट कटा।

02. पहले चरण में उन्नीस अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन में तेजी आई। औरंगाबाद से भाजपा के सुशील कुमार सिंह, नवादा से राजद के श्रवण कुमार सहित नौ उम्मीदवारों ने आज पर्चा दाखिल किया।

03. महागठबंधन में सहयोगी दलों के बीच सीटों पर तालमेल को लेकर टकराव की स्थिति। राजद ने कांग्रेस पर अधिक सीट मांगने का आरोप लगाया।

04. और, रंगों का त्यौहार होली उल्लास और उमंग के साथ मनायी जा रही है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने लोगों की शुभकामनाएं दीं।

विस्तार से.........

———————————————————————————

भाजपा ने बिहार से सत्रह संसदीय क्षेत्रों के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इसमें चार नये चेहरे शामिल हैं। बक्सर से मौजूदा सांसद अश्विनी कुमार चौबे की जगह पूर्व विधायक मिथिलेश तिवारी को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, मुजफ्फरपुर से अजय निषाद के बदले राजभूषण निषाद को प्रत्याशी बनाया गया है। सासाराम से छेदी पासवान के स्थान पर शिवेश राम को पार्टी ने टिकट दिया है। शिवहर की सीट सहयोगी दल जदयू के खाते में चले जाने के कारण मौजूदा सांसद रमा देवी का टिकट कट गया है। इस बार भाजपा ने बिहार में किसी महिला को प्रत्याशी नहीं बनाया है। केंद्रीय मंत्रियों में आर के सिंह, गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय फिर से अपने सीटों से उम्मीदवार घोषित किये गये हैं। केंद्रीय मंत्री आर. के. सिंह आरा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय उजियारपुर से और गिरिराज सिंह बेगूसराय से चुनाव लड़ेंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद पटना साहिब और रामकृपाल यादव पाटलिपुत्र सीट से दोबारा चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा

औरंगाबाद से सुशील कुमार, सारण से राजीव प्रताप रूडी, पश्चिम चंपारण से संजय जायसवाल, पूर्वी चंपारण से राधामोहन सिंह, मधुबनी से अशोक कुमार यादव, दरभंगा से गोपालजी ठाकुर, अररिया से प्रदीप कुमार सिंह और महाराजगंज से जनार्दन सिंह सिग्रीवाल को टिकट मिला है। एनडीए में सीटों के समझौते के तहत भाजपा के खाते में आयी नवादा सीट से राज्य सभा सांसद विवेक ठाकुर चुनाव लड़ेंगे।

———————————————————————————

इधर, जदयू ने भी अपने कोटे की सभी सोलह सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने बारह मौजूदा सांसदों को फिर से टिकट दिया है। सीतामढ़ी लोक सभा सीट से सुनील कुमार पिंटू और सीवान संसदीय क्षेत्र से वर्तमान सांसद कविता सिंह का टिकट कट गया है। पार्टी ने सीवान से विजयलक्ष्मी कुशवाहा और सीतामढ़ी से विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर को प्रत्याशी घोषित किया गया है। राजद को छोडकर हाल में जदयू में शामिल हुई लवली आनंद को शिवहर से उम्मीदवार बनाया गया है। एनडीए में हुए सीट शेयरिंग समझौते के तहत जदयू की गया और काराकाट संसदीय सीट सहयोगी दलों के खाते में चली गयी है। इसके कारण गया के वर्तमान सांसद विजय मांझी और काराकाट के महाबली सिंह को टिकट से वंचित होना पड़ा है।

———————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा है कि उनकी पार्टी एनडीए को मजबूत बनाने के लिए काम करेगी। श्री पासवान ने पटना में कहा कि होली के बाद पार्टी अपने प्रत्याशियों की सूची जारी करेगी। उन्होंने दावा किया कि एनडीए बिहार की सभी चालीस सीटों पर जीत दर्ज करेगा।

———————————————————————————

प्रदेश में एक तरफ एनडीए में भाजपा और जदयू ने अपनी सभी सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है वहीं महागठबंधन में सहयोगी दलों के बीच सीटों पर तालमेल को लेकर टकराव की स्थिति बनी है। महागठबंधन में अभी तक सीटों के बंटवारे को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इस बीच राष्ट्रीय जनता दल ने अपने कई पार्टी उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आंवटित कर दिये हैं। आधिकारिक घोषणा से पहले चुनाव चिह्न बांटे जाने पर कांग्रेस ने राजद के फैसले पर आपत्ति जताई है।

———————————————————————————————

इधर, राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी ने कहा है कि कांग्रेस लोक सभा चुनाव में अधिक सीटे मांग रही है। उन्होंने कहा कि सबसे मजबूत आधार महागठबंधन में राजद का है उसी के आधार पर चुनाव जीतना है। श्री तिवारी ने कहा कि सीपीआई माले को भी अपने प्रत्याशियों को पेश करना चाहिए।

———बाईट———

———————————————————————————————

प्रदेश में पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन जारी है। आज औरंगाबाद से भाजपा प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह ने जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीकान्त शास्त्री के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। औरंगाबाद से श्री सिंह के अलावा शोषित समाज दल के राजवल्लभ सिंह ने नामांकन पत्र भरा। चार अन्य निर्दलीय उम्मीदावरों ने भी नामांकन पत्र दाखिल किए। अब तक जिलें से कुल छह प्रत्याशियों ने पर्चा भरा है। नवादा से राष्ट्रीय जनता दल के श्रवण कुशवाहा ने नामांकन पत्र भरा है। वहीं, गया लोकसभा सीट से दो और निर्दलीय प्रत्याशियों ने आज नामांकन पत्र भरा है। जमुई से अभी तक किसी भी प्रत्याशी ने पर्चा नहीं भरा है। पहले चरण में उन्नीस अप्रैल को गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई संसदीय क्षेत्रों में वोट डाले जायेंगे। चारों संसदीय क्षेत्रों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि अट्ठाईस मार्च है।

———————————————————————————————

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। बिना अनुमति के जनसभा और बैठक करने के मामलें में आज कई मामलें दर्ज किए गए। औरंगाबाद में वाहन के दुरूपयोग के संबंध में एक जबकि कैमुर, मधेपुरा और पश्चिम चंपारण जिलें में लाउड स्पीकर के दुरूपयोग के मामलें में एक–एक प्राथमिकी दर्ज की गई। वहीं जाँच के क्रम में पाँच लाख रूपये नकद बरामद किए गए। आचार संहिता लागू होने के बाद अब तक एक करोड़ सत्तासी लाख रूपये से अधिक मूल्य की वस्तुए जब्त की गई है। जिनका चुनाव के दौरान दुरूपयोग होने की संभावना थी।

---

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र में चुनाव की तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

———रिपोर्ट–पूर्णिया संवा————

पूर्णियां संसदीय क्षेत्र में उम्मीदवारों को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार पूर्णियां संसदीय क्षेत्र में दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। जिला पधाधिकारी सह जिला निर्वाचन पधाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में चुनाव सम्पन्न कराना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है।

———बाइट – कुंदन कुमार———

होली को देखते हुये प्रशासन शराबबंदी, वाहनों की सघन जांच, सोशल मीडिया पर आपत्ति जनक पोस्ट पर विशेष ध्यान रख रहा है। मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं के बीच मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है। युवा मतदाताओं के बीच भी मतदान करने को लेकर उत्साह जोरों पर है।

———बाइट – 1 नव मतदाता———

इधर, जिले में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए भी जिला प्रशासन जुटा हुआ है। विशेष अभियान चलाकर पुलिस वांछित अपराधियों की धर–पकड़ कर रही है। साथ ही सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए पूर्णियां से होमी चंदन।

---

देशभर में रंगो का त्योहार होली उल्लास और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। पटना सहित कई स्थानों पर भद्रा नक्षत्र होने के कारण कल भी होली मनायी जायेगी।

म्यूजिक

लोगों में होली को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि पूरा माहौल होलीमय हो गया है। सुबह में लोगों ने रंग और मिट्टी से होली खेली। फिर दोपहर बाद से अबीर–गुलाल के साथ होली खेलों का सिलसिला शुरू हो गया। लोग रहे हैं और एक–दूसरे को होली की बधाई दे

म्यूजिक

होली को लेकर प्रशासन विशेष चौकसी बरत रहा है और संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। हुड़दंग करने वालों और बाइकर्स गैंग पर नजर रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। मद्य निषेध विभाग भी होली पर शराब की तस्करी को लेकर विशेष अभियान चला रहा है। अस्पतालों और अग्निशमन विभाग को भी अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। होली के मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं।

————————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि होली खुशियों का त्यौहार है, जो जीवन में उत्साह और उम्मीद लाता है। उन्होंने कहा कि होली के विभिन्न रंग, देश की विविधता का प्रतीक है और यह त्यौहार लोगों के बीच स्नेह, एकता और भाईचारे को बढावा देता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई  कि होली, सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगी। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि होली असत्य पर सत्य और दुराचार पर सदाचार की विजय का पर्व है। यह त्योहार समाज में एकता, प्रेम, भाईचारा, सद्भावना और शांति का संदेश देता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा कि असत्य, अहंकार और पाखंड पर सत्य के विजय पर्व के रूप में होली का त्योहार मनाया जाता है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, विधान परिषद के सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर, विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने होली के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

————————————————————————————

इस अवसर पर आकाशवाणी से विशेष बातचीत में दिल्ली एम्स के नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर जे. एस. तितियाल ने होली के रंगों का इस्तेमाल करते समय लोगों को आंखों की सुरक्षा के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी है।

———बाईट———

प्रक्योशन लेना बहुत ही जरूरी है। उसमें रंग यूज करते हैं तो ड्राई रंग यूज करें, जैसे गुलाल है। यदि धोने के बावजूद आपकी आंखों में इरिटेशन या पेन हो रहा है तो फिर हॉस्पिटल में जाकर आंखों का चेकप करावा लो। जहां तक और प्रक्योशन हैं यदि आप कॉन्टेक्ट लैंस लगाते हैं तो उसके साथ नहीं खेलना चाहिए। जिन लोगों को एलर्जी है, आंखों की एलर्जी या फिर जो अस्थमा के पीडित हैं, उनको भी रंग से दूर रखना चाहिए।

————————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों के मौसम में बदलाव हो रहा है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण—पूर्व और मध्य भागों के कुछ स्थानों पर

हल्की वर्षा दर्ज की गई। वहीं आज गया और भागलपुर जिलें में सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कमल सिंह गुप्ता ने बताया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान सीमांचल के क्षेत्रों और उत्तर–पश्चिम भागों के कुछ स्थानों पर वज्रपात के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

–––बाईट–––

——————————————————————

पश्चिमी चम्पारण के वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में एक बाघ की मौत हो गई है। वन संरक्षक डॉ नेसामनि ने बताया है कि विशेष क्षेत्र को लेकर दो बाघों के बीच हुई भिड़ंत में बाघ की मौत हुई है।

——————————————————————

मुख्य समाचार एक बार फिर......

01. भाजपा ने बिहार से सत्रह संसदीय क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की। बक्सर से मौजूदा सांसद अश्विनी कुमार चौबे, मुजफ्फरपुर से अजय निषाद और सासाराम से छेदी पासवान का टिकट कटा।

02. पहले चरण में उन्नीस अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन में तेजी आई। औरंगाबाद से भाजपा के सुशील कुमार सिंह, नवादा से राजद के श्रवण कुमार सहित नौ उम्मीदवारों ने आज पर्चा दाखिल किया।

03. महागठबंधन में सहयोगी दलों के बीच सीटों पर तालमेल को लेकर टकराव की स्थिति। राजद ने कांग्रेस पर अधिक सीट मांगने का आरोप लगाया।

04. और, रंगों का त्यौहार होली उल्लास और उमंग के साथ मनायी जा रही है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने लोगों की शुभकामनाएं दीं।

——————————————————————

समाप्त हुआ।